दिनांक 25.01.2019 को मध्याह्न 12.00 बजे मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में, समिति कक्ष में टेक्युप–।।। के सम्बन्ध में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. प्रो0 एन0बी0 सिंह, मा0 कुलपति, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रति कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, यांत्रिक अभियन्त्रण विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं स्रोत जनन, टेक्युप–।।। कोआर्डीनेटर एवं विभागाध्यक्ष, सी0एस0ई0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. प्रो0 कृष्णराज, अधिष्ठाता, इन्क्यूवेशन हब एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल आफ केमिकल टेक्नालॉजी एवं विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
8. प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल आफ बेसिक एण्ड एप्लायड सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, गणित एवं रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
9. प्रो0 अलक कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
10. डा0 एस0के0 गुप्ता, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
11. डा0 ललित कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष प्रतिनिधि, बायो–केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
12. प्रो0 पी0के0 कमानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
13. डा0 बन्दना निगम, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
14. प्रो0 आर0के0 त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
15. प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
16. श्रीमती रीता सचान, वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
17. डा0बन्दना दीक्षित कौशिक, नोडल आफिसर, इंजीनियरिंग, टेक्युप–।।।, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
18. डा0 पी0के0एस0 यादव, नोडल आफीसर, टेक्नालोजी, टेक्युप–।।।, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
19. प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

मा0 कुलपति महोदय की अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुये प्रो0 रघुराज सिंह, कोआर्डीनेटर, टेक्युप–।।। द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वबैंक परियोजना के अन्तर्गत धनराशि उपलब्ध न हो पाने के कम में एन0पी0आई0यू0 द्वारा अपने पत्र संख्या NPIU/Fin/2018-19/1450 दिनांक 31.01.2018 द्वारा यह प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गयी है कि विश्वबैंक परियोजनान्तर्गत आवंटित मद में व्यय हेतु वर्तमान में विश्वविद्यालय अपनी निधियों का प्रयोग करें और बाद में उक्त व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति विश्वबैंक परियोजना द्वारा कर दी जायेगी।

कोआर्डीनेटर टेक्युप–।।। द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि दिसम्बर, 2018 तक बचनबद्ध (committed) धनराशि रू0 6898190 है, जिसका कि भुगतान किया जाना है। इसके अतिरिक्त मार्च 2019 तक कुल धनराशि लगभग रू0 27000000/– की आवश्यकता होगी।

कोआर्डीनेटर, टेक्युप–।।। के द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को उपरोक्तानुसार अवगत कराने के उपरान्त मा0 कुलपति महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों को अवगत कराया गया कि दिनांक 27.12.2018 को सम्पन्न कार्य परिषद की बैठक के बिन्दु संख्या 3.19 के अन्तर्गत यह निर्णय लिया गया है कि एन0पी0आई0यू0/एस0पी0एफ0यू0 से इस आशय का अनुरोध प्राप्त होने पर उसके अनुरूप कार्यवाही की जाय।

अन्त में सम्यक विचारोपरान्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की दिनांक 29.12.2018 को सम्पन्न तृतीय बैठक में हुये निर्णय के अनुपालन में एवं टेक्युप–।।। के कार्यो के सुचारू

संचालन तथा विश्वविद्यालय हित में मार्च, 2018 तक कुल आंकलित धनराशि अर्थात 27000000/– की सीमा तक विश्वविद्यालय निधियों से टेक्युप–।।। के निर्धारित मदों में व्यय कर लिया जाय एवं विश्वबैंक परियोजना में, एन0पी0आई0यू0 के पत्र में यथाइंगित धनराशि उपलब्धता पर उसे पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से विश्वविद्यालय को स्थानान्तरित कर लिया जाय।

बैठक में यह भी निर्धारित हुआ कि इस निर्णय से एस0पी0एफ0यू0/एन0पी0आई0यू0/शासन को भी अवगत करा दिया जाय।

उपरोक्त के अतिरिक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वबैंक परियोजना (टेक्युप–।।।) के कार्यों हेतु जिन शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को विश्वविद्यालय स्तर से नामित किया जायेगा, उन कार्यों में प्रतिभाग/सम्पन्न किये जाने हेतु उन संबंधित शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को ही अग्रिम धनराशि स्वीकृत की जा सकेगी। शेष हेतु कार्य की पूर्णता के उपरान्त व्यय धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने की व्यवस्था होगी साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में आयोजित किये जाने वाले वर्कशाप/कान्फ्रेंस/सेमिनार/एस0टी0सी0 के लिये अग्रिम न्यूनतम आवश्यकता के अनुरूप ''केस–टू–केस बेसिस'' पर दिये जाने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक मा0 कुलपति महोदय के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(मनोज कुमार शुक्ला)
कुलसचिव

कार्यालय कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–2

संख्याः 269/कुस0कार्या0/2019 दिनांकः जनवरी 25, 2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त प्रतिभागी/अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. वित्त नियंत्रक/कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(मनोज कुमार शुक्ला)
कुलसचिव